गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर 495009(छ0ग0)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752-260003 260000
वेबसाईट www.ggu.ac.in ईमेल controllerofxamsggv@gmail.com

Guru GhasidasVishwavidyalaya,
(A Central University established by the central universities act 2009)
Koni, Bilaspur 495009 (C.G.)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003 /260000
Website:www.ggu.ac.in Email : controllerofexamsggv@gmail.com

क्रमांक 447/परीक्षा/2020 दिनांक 16/07/2020

कार्यालयीन परिपत्र

विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों के स्नातक/स्नातकोत्तर/वार्षिक प्रणाली/पत्रोपाधि की समस्त सम सेमेस्टर (अंतिम वर्ष, अंतिम सेमेस्टर को छोड़कर) की सत्र 2019–20 की Genral Promotion की प्रकिया के लिये समस्त छात्र (Regular/Ex student) जो अध्यादेश में निहित प्रावधानानुसार पात्रता रखते हो अपना परीक्षा आवेदन पत्र www.ggv.ac.in or http://14.139.235.82/ इस लिंक के द्वारा आई.यू.एम.एस. के माध्यम से आनलाइन जमा करेंगे, जिस पर छात्र अपने लागिन आई.डी. एवं पासवर्ड से प्रवेश करेंगे और Subject Registration Box को Click करने के पश्चात् अपने संबंधित सेमेस्टर के विषय के Check Box पर Click करने पर Subject Registration को Update करेगें जिससे उनके द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रकिया पूर्ण हो जायेगी।

विश्वविद्यालय खुलने के उपरांत छात्र अपने मुख्य परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकापी स्व हस्ताक्षरयुक्त किया हुआ अपने विभाग में जमा करेंगे। ऐसे छात्र अपना आवेदन आई.यू.एम.एस. के माध्यम से निम्न तिथियों में जमा कर सकते हैः–

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि– 30 जुलाई, 2020 तक

संबंधित विभागाध्यक्षों से निवेदन है कि अध्यादेश में निहित प्रावधानानुसार केवल योग्य छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन ही परीक्षा विभाग को अग्रेषित करेंगे।

इन कक्षाओं के सम सेमेस्टर की परीक्षा, सत्र 2019–20 आयोजित नही होगी एवं सभी छात्र/छात्राओं का यू.जी.सी. के पत्र कमांक /D.O. No. F.1-1/2020 (Secy) दिनांक 29/04/2020 तथा विश्वविद्यालय के पत्र कमांक 13/अकादमी/2020 बिलासपुर, दिनांक 12/05/2020 के द्वारा लिये गए निर्णय अनुसार अगले उपर के सेमेस्टर में उन्नयन (Promotion) किया जायेगा। जो छात्र परीक्षा आवेदन फार्म जमा करेंगे, सिर्फ उन्हीं छात्रों को उपर की कक्षा में उन्नयन (Promotion) किया जावेगा।

टीपः–

1) **छात्र – छात्राओं के लियेः–** जो छात्र किसी भी कारण से IUMS Portal के माध्यम से अपना मुख्य परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भर पायेंगें ऐसे समस्त छात्र अपना नाम अंग्रेजी के (Capital Letter) में Roll No., Enrollment No. सभी विषयों का नाम की सूची बनाकर ई–मेल/पत्र या अन्य कोई भी उपर्युक्त माध्यम से अपने विभागाध्यक्ष को अनिवार्य रूप से दिनांक 30 जुलाई 2020 तक सूचित करेगें अन्यथा की स्थिति में विभागाध्यक्ष उनके नाम उन्नयन (Promotion) प्रकिया हेतु Roll List में समाहित करने के लिए बाध्य नहीं होंगे और इसकी समस्त जवाबदेही छात्र स्वयं की होगी।

2)**विभागाध्यक्षों के लिए–** संबंधित समस्त विभागाध्यक्षो से निवेदन है कि अपने छात्रों की मुख्य परीक्षा के छात्रों की सूची IUMS से मुद्रित कर जॉच उपरांत परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए योग्य छात्रों का सूची और जो छात्र IUMS के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र भरने में असमर्थ हुए है और जिन्होने ई–मेल/पत्र या अन्य कोई भी उपर्युक्त माध्यम से अपने विभागाध्यक्षों परीक्षा में सम्मिलित किये जाने संबंधित पत्र विभागाध्यक्षों को दिये है उनका Roll list यथा छात्र का नाम, रोल नम्बर, नामांकन कमांक, जिन–जिन विषय (Paper) में छात्र सम्मिलित होने की पात्रता रखता हो उसका नाम लिखकर तैयार कर परीक्षा आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि से 3 कार्यालयीन दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता को जमा करेगें।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

...2......

पृ क्रमांक 450 /परीक्षा/2020

दिनांक 16/07/2020

प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलपति/ कुलसचिव जी के निज सचिव/ निज सहायक को कुलपति/ कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
2. विभागाध्यक्ष, समस्त शैक्षणिक विभाग,, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर को सूचनार्थ एवं इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने विभाग के छात्रों का एटीकेटी परीक्षा का आवेदन आनलाइन भराया जाना सुनिश्चत करायें एवं किसी प्रकार की तकनीकी असुविधा होने पर आईयूएमएस /आईटी सेल /परीक्षा नियंत्रक से संपर्क कर सकते है।
3. अधिष्ठाता, समस्त अध्ययन शाला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. सहायक कुलसचिव, भंडार/विश्वविद्यालय अध्ययन शाला/गोपनीय कमाक एक एवं दो।
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्ताधिकारी।
6. मीडिया प्रभारी/समन्वयक आईटी सेल/विभागाध्यक्ष संगणक एवं सूचना तकनीकी की ओर विश्वविद्यालय बेबसाईट में अपलोड करने की कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रो0 प्रदीप शुक्ला, वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष की ओर सूचनार्थ।
8. IUMS प्रभारी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेंशित।

16-7-2020

उप कुलसचिव (परीक्षा)

E:\Suppl Exam.docx